


# सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास केवल नारा नहीं, भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला

## रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में शौर्य फाउंडेशन ने किया शौर्यगाथा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास केवल नारा नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। देश की असली ताकत उसकी एकता और विविधता में निहित है, भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा, सांस्कृतिक समृद्धि और युवाशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उपरोक्त कथन कहे देश के पूर्व राजनयिक डॉ. दीपक वोहरा ने। रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में शनिवार को शौर्यगाथा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। वीरता, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की अमिट गाथाओं को सहेजते हुए शौर्य सम्मान समारोह का आयोजन शौर्य फाउंडेशन द्वारा संयोजित किया गया, जिसमें देश की रक्षा में अद्वितीय योगदान देने वाले वीर रणबांकुरों को नमन किया गया। समारोह में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग सहित सेना और समाज के अनेक विशिष्ट जनों की उपस्थिति रही।

### पुनर्जन्म का अवसर मिले, तो फिर से भारत की सेवा करना चाहूंगा

डॉ. दीपक ने कहा कि यदि मुझे पुनर्जन्म का अवसर मिले, तो मैं फिर से भारत की सेवा करना चाहूंगा और यदि मेरा जन्म भोपाल में हो तो यह मेरा इस शहर और देश के प्रति गहरे लगाव को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का भारत अवसरों का देश है, जहां हर युवा अपने संकल्प और परिश्रम से राष्ट्र निर्माण में भागीदार बन सकता है।



रवींद्र भवन शौर्य गाथा कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते वक्ता।




शहीद मेजर पद्मपानी अचार्य का सम्मान ग्रहण करती उनकी धर्मपत्नी चारुलता आचार्य।

### मार्शल बैंड की जोशीली धुनों से हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत आईटीबीपी के सैनिकों द्वारा प्रस्तुत मार्शल बैंड की जोशीली धुनों से हुई, जिसने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात शहीद मेजर पद्मपानी आचार्य और लेफ्टिनेंट दिनेश के शौर्य को श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया गया।

### एकजुटता और राष्ट्रीय गौरव पर जोर

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान ने वर्तमान समय को चुनौतीपूर्ण बताते हुए राष्ट्रीय एकता और सजगता की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, (सेवानिवृत्त) मेजर जनरल शरद श्रीवास्तव ने युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### कठिनतम परिस्थितियों में भी आचार्य ने कर्तव्य को रखा सर्वोपरि

समारोह का विशेष आकर्षण रहा लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार सिन्हा द्वारा प्रस्तुत शहीद मेजर पद्मपानी आचार्य की प्रेरणादायक जीवन गाथा। प्रभावी वक्तव्य और दृश्य-प्रस्तुति के माध्यम से आचार्य के अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को सजीव कर दिया। उन्होंने कठिनतम परिस्थितियों में भी आचार्य ने अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा और दुश्मनों के सामने अडिग रहकर वीरता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति न केवल भावनात्मक थी, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का सशक्त स्रोत भी बनी।

## रविंद्र भवन में कलाज्ञ आर्ट एग्जीबिशन में नजर आया रंग, टेक्सचर और परंपरा का अद्भुत संगम


# सीमेंट के प्रयोग से बना 3डी टेक्सचर फार्म में मोर तो स्टोन और ज्वेलरी से सजी गणेश प्रतिमा

## प्रदेशभर के करीब 70 कलाकारों ने अपने सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से कला का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविंद्र भवन की ललित कला आर्ट गैलरी में शनिवार शाम कलाज्ञ आर्ट एग्जीबिशन के रूप में सजी दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी ने कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदेशभर के करीब 70 कलाकारों ने अपने सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से कला के विविध आयामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

प्रदर्शनी में कलाकार जया भागरी की कृतियों ने विशेष आकर्षण बटोरा। उन्होंने मिक्स मीडिया के माध्यम से गणेश प्रतिमा को स्टोन वर्क और ज्वेलरी के प्रयोग से सजीव रूप दिया, जिससे गणपति की आभा और भी निखर उठी। वहीं दूसरी ओर, व्हाइट सीमेंट को स्पून की सहायता से टेक्सचर फॉर्म में ढालते हुए मोर की आकृति को थ्री-डी प्रभाव में प्रस्तुत किया, जो उनकी रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।




रविंद्र भवन की ललित कला आर्ट गैलरी में लगी चित्रकला प्रदर्शनी को देखते लोग।

### तिब्बती आर्ट को सजाया फ्यूजन शैली में



प्रमोत्वा जौहरी ने अपने तीन आर्टवर्क में फ्यूजन शैली के जरिए पर्शियन और तिब्बती कला का बेहतरीन संयोजन प्रस्तुत किया। एक ओर जहां उन्होंने ब्लू टोन में तिब्बती आर्ट को उकेरा, वहीं दूसरी ओर गो माता और बछड़े को भव्य द्वार पर दर्शाकर भारतीय संस्कृति और आस्था को प्रभावी रूप से सामने रखा।

### सैकड़ों डॉट्स से बना पारंपरिक मांडना आर्ट



कलाकार तनुषा जैन की पेंटिंग्स में परंपरा और आधुनिकता का खूबसूरत मेल देखने को मिला। उन्होंने मालवा के पारंपरिक मांडना आर्ट को सैकड़ों डॉट्स और रंग-बिरंगे फॉर्म्स के साथ एक नए अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी दूसरी कृति में लिप्पन आर्ट के माध्यम से मां सरस्वती को आकर्षक रूप में उकेरा गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।

### लिप्पन आर्ट में उकेरा त्रिभुज और वृत्ताकार आकृतियां

सौम्या मंगलावत की लिप्पन आर्ट से सजी पेंटिंग्स भी आकर्षण का केंद्र रहीं। उन्होंने व्हाइट और रेड रंगों के संयोजन से वर्ली आर्ट को त्रिभुज और वृत्ताकार आकृतियों में प्रस्तुत किया, वहीं व्हाइट और ब्लू के मेल से लिप्पन आर्ट को आधुनिक स्पर्श देते हुए दर्शकों के सामने रखा।



## फिल्लौरी' से 'केसरी' तक, सिंगर रोमी ने साझा की अपनी म्यूजिकल जर्नी

# भाग्यशाली हूं कि पहला डेब्यू दिलजीत दोसांझ के साथ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मैं खुद को बड़ा भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे पहला प्रोजेक्ट 2017 में फिल्म 'फिल्लौरी' में दिलजीत दोसांझ के साथ गाने का मौका मिला और यहीं से बॉलीवुड में मेरा डेब्यू हुआ, इसके बाद उरीः सर्जिकल स्ट्राइक, बधाई हो, शून्य या जीरो, वीरे दी वेडिंग, केसरी, मिशन मंगल सहित दर्जनों हिट फिल्मों में अपनी आवाज देकर मुझे इंडस्ट्री में नाम और पहचान मिली। यूं कह सकते है कि मेरे कॅरियर की शुरुआत के तीसरे साल में ही मैंने इंडस्टी में खुद को स्थापित कर लिया था। यह कहना है प्रसिद्ध पंजाबी सिंगर रोमी का, जो शनिवार को एक निजी कॉलेज में म्यूजिलक कंसर्ट में लाइव परफार्मेंस देने भोपाल आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े हुए अनुभव साझा किए।

### मैं भीतर से रियाज करता रहता हूं

रोमी ने कहा कि लाइव शो और डीजे नाइट में गा गाकर में इनका आदी हो चुका हूं, जिसमें कई बार मुझे रियाज करने तक का मौका नहीं मिलता, क्योंकि एक शहर से दूसरे शहर में ट्रेवल करना और उसे वातावरण में सरवाइव करना ही अपने आप में मुश्किल होता है, लेकिन मैं अपने मन से खुद को बिल्कुल फोकस रखता हूं कि मुझे क्या गाना है, किस अंदाज में गाना है या यूं कह सकते हैं कि यह रियाज मेरे अंदर ही चलता रहता है।

### स्टेट लेवल क्रिकेटर रह चुका हूं, लेकिन मेरी किस्मत में गायकी ही लिखी थी

रोमी ने कहा कि मुझे गाने का कोई ज्यादा शौक नहीं था, लेकिन मेरे सिंगर पिता और भरतनाट्यम नृत्यांगना मां चाहती थीं कि मैं सिंगिंग की ही दुनिया में जाऊं, जबकि मैं बचपन में क्रिकेटर बनना चाहता था और बहुत क्रिकेट खेलता था। यहां तक की मेरा सिलेक्शन स्टेट लेवल की टीम में भी हो गया था, लेकिन फिर मुझे बाद में लगा कि यह खेल मेरे लिए नहीं है और मैं अपनी जर्नी संगीत के दिशा में मोड़ दी।

### फैंस के कमेंट्स मुझे मोटिवेट करते है कुछ अच्छा करने के लिए

अपने हजारों फैंस के लिए उन्होंने कहा कि मैं अपने फैंस का शुक्रगुजार हूं जो मुझे इतना प्यार करते हैं और मेरे इंस्टा अकाउंट पर इतने अच्छे कमेंट भेजते हैं, कभी-कभी जब मैं लो फील करता हूं तो अपने पुराने कमेंट्स पढ़ लेता हूं जो मुझे फिर से मोटिवेट करते हैं और कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

# बीएसएसएस में 'सायोनारा' फेयरवेल 2026 में सीनियर्स को दी विदाई



मिस्टर फेयरवेल बने शुभ गोहर और मिस फेयरवेल का ताज मिला इशिका रानी को



फेयरवेल 2026 'सायोनारा' समारोह में शामिल विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंस में शनिवार को फेयरवेल 2026 'सायोनारा' का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया।

मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह ने विदाई को उत्सव में बदलते हुए छात्रों की उपलब्धियों और यादों को खूबसूरती से संजोया। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि पूर्णिमा सनमोरिया (मिस सेंट्रल इंडिया) ने बढ़ाई, जिनकी प्रेरणादायक उपस्थिति ने समारोह में विशेष गरिमा जोड़ी। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर मुमताज खान, पूर्व मिसेज इंडिया अपेक्षा श्रीवास्तव और मिसेज इंडिया 2025 रनरअप आयुषी सिंह शामिल रहीं। सभी निर्णायकों ने रैंप पर छात्रों के प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और फैशन शो ने समां बांधा

समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भावनात्मक अभिव्यक्तियों और मनोरंजक गतिविधियों का शानदार संगम देखने को मिला, जिसने छात्रों की रचनात्मकता और आपसी सौहार्द्र को उजागर किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न लोक नृत्य, सांस्कृतिक गतिविधियों, नियमितता, अनुशासन तथा सह-पाठ्यक्रम व पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विभागों द्वारा उपाधियां प्रदान करना रहा। इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल का खिताब शुभ गोहर को और मिस फेयरवेल का ताज इशिका रानी को प्रदान किया गया।



# खुशीलाल संस्थान में एलुमिनी मीट का किया भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित खुशीलाल शर्मा गवर्नमेंट आयुर्वेदिक कॉलेज में शनिवार को एलुमनाई मीट 2026 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर वर्ष 2001 बैच के सभी विद्यार्थी देश के विभिन्न हिस्सों से एकत्रित हुए। साथ ही उस समय के प्रोफेसर एवं शिक्षकगण, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्होंने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष बना दिया। सभी पूर्व विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर अपने छात्र जीवन की पुरानी यादों को ताज़ा किया, जिससे वातावरण भावुक एवं उल्लासपूर्ण हो उठा।

## भारत भवन में मप्र नाट्य विद्यालय के छात्रों ने दी प्रस्तुति

# अकाल, विद्रोह और राष्ट्रधर्म की प्रभावी प्रस्तुति के साथ देखने को मिला 'आनंदमठ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार की शाम भारत भवन में इतिहास, साहित्य और राष्ट्रचेतना के अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर प्रस्तुत नाट्यकृति 'आनंदमठ' ने दर्शकों को अठारहवीं शताब्दी के अकालग्रस्त बंगाल में ले जाकर न केवल करुण यथार्थ से परिचित कराया, बल्कि राष्ट्रभक्ति की उस ज्वाला को भी पुनर्जीवित किया, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आधारभूमि तैयार की थी। महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के कालजयी उपन्यास आनंदमठ पर आधारित यह प्रस्तुति कलात्मक संवेदना और वैचारिक गंभीरता से परिपूर्ण रहा। नाटक का निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने किया, जिसकी प्रस्तुति मप्र नाट्य विद्यालय के छात्रों ने दी।



मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के विद्यार्थी नाटक 'आनंदमठ' की प्रस्तुति देते हुए।

### भीषण अकाल के मार्मिक दृश्य ने किया भाव विभोर

नाटक का आरंभ बंगाल के भीषण अकाल के मार्मिक दृश्य से होता है। मंच पर प्रकाश और ध्वनि के संयोजन से निर्मित सूखा, भूख और भय का वातावरण दर्शकों को भीतर तक विचलित करता है। गांव के निवासी महेंद्र और उनकी पत्नी कल्याणी अपने शिशु के साथ गांव छोड़ने को विवश हैं। चारों ओर भूख, लूट-पाट और अंग्रेजी शासन का दमनकारी लगान इन परिस्थितियों ने सामान्य जनजीवन को छिन्न-भिन्न कर दिया है। निर्देशक ने इन दृश्यों में सामूहिक अभिनय और प्रतीकात्मक मंच-सज्जा का प्रभावी उपयोग किया, जिससे त्रासदी का विस्तार सजीव हो उठा।

### विद्रोह और न्याय-बोध का संचार

लगभग 90 मिनट अवधि की प्रस्तुति में निर्णायक मोड़ तब आता है जब सैनिक महेंद्र को पकड़ लेते हैं और कल्याणी जंगल में भटक जाती है। यहां संन्यासी भवानंद का प्रवेश नाटकीय उत्कर्ष रचता है। कलाकार ने भवानंद के धीर-गंभीर व्यक्तित्व को संयत संवाद-अभिनय और दृढ़ देह-भाषा के माध्यम से प्रभावशाली बनाया। अंग्रेज अफसर की हत्या और लूटे गए धन को अकालपीड़ितों के हित में लगाने का दृश्य दर्शकों के भीतर विद्रोह और न्याय-बोध का संचार करता है। आनंदमठ के प्रधान सत्यानंद और उनके शिष्यों भवानंद तथा जीवानंद का चरित्र चित्रण त्याग, अनुशासन और राष्ट्रधर्म की त्रिवेणी को प्रदर्शित करता है। प्रस्तुति में संन्यासी और डकैत की द्वंद्वात्मक छवि को बड़ी सूझ-बूझ से उकेरा गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930

सीहोर के आष्टा में 1.25 करोड़ बहनों के खातों में पहुंचेंगे 1836 करोड़ रुपए

184 करोड़ से अधिक के विकास व निर्माण कार्यों का करेंगे लोकार्पण

# मुख्यमंत्री सवा करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में आज अंतरित करेंगे राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 अप्रैल को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 1836 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 184 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे। इन कार्यों में 115 करोड़ 32 लाख के कार्यों का लोकार्पण एवं 69 करोड़ 60 लाख रुपए के कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

### नारी सशक्तिकरणः संसद की बैठक ऐतिहासिक

सीएम ने कहा कि आगामी 16 अप्रैल को संसद में ऐतिहासिक बैठक होने जा रही है। पीएम की पहल पर देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में महिला आरक्षण से जुड़े विषय पर विधेयक पारित करवाने के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री के द्वारा देश की आधी आबादी के सशक्तिकरण के लिए दृढ़संकल्पित होकर नारीशक्ति वंदन अधिनियम को पारित करवाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करना नारी सशक्तिकरण के लिए उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सीएम ने कहा कि देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी सभी के कल्याण के लिए दूरदृष्टि के साथ कार्य कर रहे हैं।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ नहीं होगा समझौता: मंत्री सिंह

# बबीना ओरछा मार्ग 'प्रभु श्रीराम जी की थीम' पर होगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस समीक्षा का मंच नहीं बल्कि खुली परिचर्चा का माध्यम है, जहां सभी अधिकारी अपने अनुभव साझा कर विभाग को नई दिशा देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हर दो माह में इस प्रकार की परिचर्चा आयोजित की जाएगी, जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं परिणाम बेहतर हो सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। परिचर्चा के माध्यम से ही अनेक जटिल समस्याओं का समाधान संभव है और सभी अधिकारियों को एक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से ऐतिहासिक नगरी ओरछा में आयोजित मुख्य अभियंता कॉन्फ्रेंस में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विभाग की प्राथमिकताओं, कार्यप्रणाली में सुधार एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की भावी दिशा पर समस्त मुख्य एवं प्रमुख अभियंताओं के साथ विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री के 10 दिसंबर को विभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन के दिशा में यह बैठक महत्वपूर्ण रही। मुख्य अभियंता कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ मंत्री सिंह ने रामराजा सरकार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह, प्रबंध संचालक सड़क विकास निगम भरत यादव, प्रबंध संचालक भवन विकास निगम सिबी चक्रवर्ती, प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, एसआर बघेल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता मौजूद थे।

» भुगतान के पहले बिट्यूमिन सप्लाई बिलों का होगा शत प्रतिशत सत्यापन

» विभाग के सर्किट हाउस एवं रेस्ट हाउस के प्रबंधन को बेहतर बनाने पर जोर


पीडब्ल्यूडी मंत्री सिंह की प्रेस कांफ्रेस।

### शासकीय भवन ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुरूप हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निर्देश अनुसार अब सभी शासकीय भवनों को ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इन निर्देशों का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण पालन सुनिश्चित करने के मंत्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी नवीन भवनों का गृह रेटिंग के लिये पंजीयन कराया जाए।

### डामर की गुणवत्ता के लिए सख्त कदम

सड़क निर्माण में प्रयुक्त होने वाले बिट्यूमिन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए केवल सरकारी रिफाइनरी से बिट्यूमिन लेने का निर्णय लिया गया था। मंत्री सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण में बिटयुमिन कार्य का भुगतान बिट्यूमिन देयकों के शत प्रतिशत वेरिफिकेशन के बाद ही किया जाए।

### *ओरछा के लिए अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव*

*मंत्री सिंह ने एनएचएआई को पत्र लिखकर बबीना बाईपास पर ओरछा के लिए अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए, जिससे सागर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग से आने वाले पर्यटकों को निर्बाध एवं सुरक्षित कनेक्टिविटी मिल सके। उन्होंने अमरकंटक पहुंच मार्ग के उन्नयन का उदाहरण देते हुए निर्देशित किया कि उसी तर्ज पर ओरछा मार्ग को भी आधुनिक डिजाइन, बेहतर संकेतक, सुरक्षा उपाय एवं पर्यटक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाए। बैठक में विभागीय कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण, समयबद्धता, नवीन तकनीकों के उपयोग, पर्यावरण अनुकूल निर्माण एवं विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय पर भी विस्तार से चर्चा की गई।*

लापरवाही का खतरनाक सिलसिला चिंता का विषय

## प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्तः पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


जीतू पटवारी।

मप्र सरकार पर कांग्रेस के गंभीर आरोप

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने प्रदेश में लगातार सामने आ रही गंभीर घटनाओं को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में लापरवाही का खतरनाक सिलसिला चल रहा है, जिसकी कीमत आम जनता अपनी जान देकर चुका रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहरीले कफ सिरप के सेवन से करीब 25 लोगों की मौत ने दवा नियंत्रण व्यवस्था की पोल खोल दी है, वहीं दूसरी ओर हज़ारों करोड़ के बजट वाली इंदौर नगर निगम ने 35 लोगों को पानी में ज़हर देकर सरकारी हत्या कर दी। इन दोनों घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार बुनियादी स्वास्थ्य सुरक्षा तक सुनिश्चित करने में विफल रही है। पटवारी ने कहा कि इन घटनाओं के बाद भी सरकार ने कोई सबक नहीं लिया, और अब भोपाल स्थित एम्स भोपाल के नवजात गहन चिकित्सा इकाई में चूहों की मौजूदगी की खबर ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। वह स्थान होता है जहां सबसे ज्यादा संवेदनशील और गंभीर स्थिति में नवजात शिशुओं का इलाज होता है। वहां चूहों का मिलना न केवल गंभीर लापरवाही है, बल्कि मानवता के खिलाफ अपराध के समान है। यह केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता का प्रतीक है।

### बार-बार की लापरवाही के बावजूद नहीं उठाए जा रहे कोई ठोस कदम

क्या मध्यप्रदेश की जनता की जान इतनी सस्ती हो गई है कि बार-बार की लापरवाही के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे? आखिर कब तक मासूम बच्चे, गरीब परिवार और आम नागरिक इस लापरवाह सिस्टम की बलि चढ़ते रहेंगे? पटवारी ने राज्य सरकार से मांग की कि इन गंभीर मुद्दों पर शीघ्र, ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## शिक्षकों ने विधायकों को ज्ञापन देकर मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- टीईटी परीक्षा आदेश निरस्त करने सहित विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग

शिक्षकों की पात्रता परीक्षा को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश का शिक्षक संगठन लगातार विरोध कर रहे है। राजधानी भोपाल में प्रदर्शन के बाद अब अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मप्र के आव्हान पर प्रदेश भर में ब्लाक मुख्यालयों पर धरना, रैली, प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही इस दौरान शिक्षकों द्वारा स्थानीय विधायक-जनप्रतिनिधियों से समर्थन मांगा जा रहा है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के सदस्य उपेंद्र कौशल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन सौंपकर टीईटी परीक्षा आदेश निरस्त करने एवं सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की निराकरण की मांग की जा रही है।

शनिवार को शिक्षको ने रैली, प्रदर्शन कर बैरसिया विधायक विष्णु खत्री को ज्ञापन सौंपा और शिक्षकों के हित संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री को समर्थनपत्र देने की मांग की। वहीं फंदा एवं शहर भोपाल के शिक्षकों ने मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं मंत्री कृष्णा गौर, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, दक्षिण भोपाल विधायक भगवान दास सबनानी और भोपाल सांसद के निवास पहुंच कर उनकी अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर समर्थन मांगा। भोपाल में ही सिलवानी विधायक देवेन्द्र पटेल से पत्रकार भवन पर मुलाकात कर समर्थन मांगा।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिया है टिकट

# मध्यप्रदेश में राज्यसभा की अब 4 सीटों पर हो सकते हैं चुनाव, केंद्रीय मंत्री मुरुगन की सीट होगी खाली!

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


डॉ. एल मुरुगन

मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर चल रही राजनीतिक हलचल के बीच बड़ी खबर सामने आ रही है। मप्र में तीन राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना हैं, लेकिन अब चौथी सीट भी खाली होने की संभावना जताई जा रही है। इससे सियासी सरगर्मियां तेज हो गई है। जानकारी के मुताबिक, यह चौथी सीट 4 मई के बाद खाली हो सकती है।

वर्तमान में राज्यसभा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन तमिलनाडु विधानसभा चुनाव मैदान में उतरे हैं। मुरुगन तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अविनाशी सुरक्षित सीट से चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने उन्हें 27 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची में इस सीट से टिकट दिया है। यदि वे चुनाव जीतते हैं, तो उन्हें राज्यसभा की सदस्यता छोड़नी पड़ेगी, जिससे यह सीट भी खाली हो जाएगी।

### मध्य प्रदेश से दूसरी बार चुने गए थे राज्यसभा मेम्बर

एल. मुरुगन का राज्यसभा कार्यकाल अप्रैल 2030 तक है और वे मध्य प्रदेश से दूसरी बार उच्च सदन के मेम्बर बने हैं। वे पहली बार 27 सितंबर 2021 को राज्यसभा के लिए चुने गए थे, इसके बाद, अप्रैल 2024 में वे फिर से राज्यसभा के लिए मप्र सीट से निर्विरोध निर्वाचित हुए। वर्तमान में मुरुगन, नरेंद्र मोदी सरकार में सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री हैं।

### विधानसभा चुनाव जीतने पर दे सकते हैं इस्तीफा

वएमपी में जून 2026 में तीन राज्यसभा सदस्यों की सीटें खाली हो रही हैं। जिनमें से वर्तमान में दो भाजपा और एक कांग्रेस के पास है। इन तीन सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं। एल मुरुगन एमपी की चौथी राज्यसभा सीट से मेंबर हैं और 2024 में ही राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। अब चूंकि मुरुगन को भाजपा ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में यदि वे चुनाव जीत जाते हैं, तो उन्हें इस राज्यसभा सीट से इस्तीफा देना होगा या दे सकते हैं।



## एमसीयू में आयोजित हुआ जनसंपर्क अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

# जनसंपर्क के क्षेत्र में कंटेंट क्रिएशन बहुत आवश्यक, भाषा की विशिष्टता पर ध्यान रखना बेहद जरूरी: आयुक्त मनीष सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनसंपर्क के क्षेत्र में कंटेंट क्रिएशन बहुत अहम होता है। कंटेट की हर क्षेत्र में मांग है। चाहे समाचार हों या फीचर, आलेख हों या एडवटोरियल, हर किसी के लिए अलग तरह के कंटेट की आवश्यकता होती है। भाषा की विशिष्टता का ध्यान रखना भी आवश्यक है। प्रेस विज्ञप्तियों की भाषा किसी समाचार से अलग होती है। इसलिए जनसंपर्क के क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों को भाषा पर भी विशेष कार्य करना चाहिए। यह बात जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मनीष सिंह ने कही।

राजधानी के एमसीयू में आयोजित जनसंपर्क अधिकारियो का दो दिवसीय प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण के समापन सत्र में जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मनीष सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के सभी जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर पर कार्य करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इसके साथ ही वित्तीय प्रबंधन बेहतर ढंग से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को किस तरह बेहतर ढंग से जनता तक पहुंचाया जा सकता है इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते आयुक्त मनीष सिंह।

### इंटर्नशिप कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई

इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग की विविध शाखाओं में एमसीयू के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। इस सत्र का संचालन जनसंपर्क विभाग के अनिल वशिष्ठ ने किया। कार्यक्रम में विभागीय बजट, भंडार नियमों की जानकारियों पर सत्र भी आयोजित हुए। इसके अलावा पत्रकारों के लिए संचालित विविध योजनाओं की जानकारी भी अधिकारियों को दी गई। अंतिम सत्र में जनसंपर्क विभाग के पोर्टल प्रबंधन पर प्रतिभागी अधिकारियों को जानकारी दी गई।





प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलगुरु तिवारी समेत जिला जनसंपर्क कार्यालयों तथा निदेशालय के जनसंपर्क अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### लेखन में रुचि लेकर समाचारों को लिखना चाहिए: तिवारी

इस अवसर पर सत्र में विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि जनसंपर्क के क्षेत्र में लेखन कार्य बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों को लेखन में रूचि लेकर समाचारों को लिखना चाहिए। एक छोटे से विषय पर भी बेहतर ढंग से लिखे हुए समाचार को प्रकाशनों में अच्छा कवरेज मिलता है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर जनसंपर्क अधिकारी किसी भी सकारात्मक आइडिया को लेकर सक्सेस स्टोरीज लिख सकते हैं। इस तरह की स्टोरीज को शेयर करने से उनके विभागों के बेहतर कार्यों को मीडिया में अच्छी जगह मिलती है।

### जनसंपर्क विभाग एवं एमसीयू की प्रशिक्षण शाखा के तत्वावधान में हुआ आयोजन

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के जिला जनसंपर्क कार्यालयों से तथा निदेशालय से जनसंपर्क अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण का आयोजन जनसंपर्क विभाग एवं एमसीयू की प्रशिक्षण शाखा के तत्वावधान में हुआ। इस आयोजन का समन्वय डॉ. शलभ श्रीवास्तव ने किया। इस आयोजन में दोनों दिन संगठन प्रबंधन, डिजिटल नवाचार, ई-ऑफिस, ई-एचआरएमएस, एआई, कंटेंट मैंनेजमेंट, आरटीआई, प्रेस के नियम, जनसंपर्क की नीतियों और उनके क्रियान्वयन के व्यवहारिक पहलुओं सहित वित्तीय प्रबंधन आदि विषयों पर विविध सत्र आयोजित हुए।

---

## आंधी-बारिश से फीका पड़ा गेहूं का कलर, दाना भी सिकुड़ा



भोपाल। गुरुवार से शुरु हुई सरकारी गेहूं खरीदी को लेकर शनिवार को दिल्ली के एफसीआई से टीम भोपाल पहुंची। टीम ने स्टील साइलो मुगालिया कोर्ट, सुविधा वेयर हाउस निपानिया, आर्य वेयर हाउस निपानिया, ठाकुर वेयर हाउस, शिव वेयर हाउस भोरासा और सोनिका वेयर हाउस खरीदी केंद्रों का जायजा लिया, जहां गेहूं की चमक फीकी और गेहूं के दाना सिकुड़ा मिला।
टीम ने गेहूं के सैंपल ले लिए हैं, जिसके आधार पर राजधानी में गेहूं के एफएक्यू का मानक तय किया जाएगा। अफसरों ने बताया कि पिछले दिनों यहां पर आंधी और बारिश की वजह से गेहूं के कलर पर असर पड़ा है। पिछले दो दिन में टीम ने एक दर्जन केंद्रों का निरीक्षण कर सैंपलिंग की है। टीम यह रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगी। जिससे, नुकसान का अनुमान लगाया जा सके। भोपाल में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के 82 केंद्र बनाए गए हैं।
गेहूं का दाना सिकुड़ा मिला
निरीक्षण के दौरान टीम को कई जगहों पर गेहूं की क्वालिटी ठीक नहीं मिली। दाना सिकुड़ा मिला तो रंग भी फीका था। शनिवार को भारत सरकार की खाद्य मंत्रालय की टीम ने गेहूं के संबंध में केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग के हिसाब से एफएक्यू गेहूं की खरीदी की जा रही है।

---

## शहर के पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए 5 करोड़ का बजट, लेकिन न सुरक्षा, न सुविधाएं

# नीलम पार्क में खुलेआम चल रहा जुआ यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क में गंदगी



नीलम पार्क में जुआ खेलते लोग।

### 4 साल पहले 1 करोड़ 13 लाख सौंदर्यीकरण पर हुए थे खर्च

जिस यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क में मवेशी घूम रहे हैं और फाउंटेन बदहाली से घिरा है उसके सौंदर्यीकरण पर चार साल पहले एक करोड से ज्यादा खर्च किए गए। यहां भी पार्क परिसर में खुलेआम जुआं हो रहा है। पार्क शराबी और नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। असामाजिक तत्वों की मौजूदगी के कारण महिलाएं-बच्चे आने से कतराते है। बुजुर्गों की संख्या भी न के बराबर है। कभी कभी नशेड़ी लोगे से विवाद करते है।

**फाउंटेन बंद, डस्टबिन टूटे, रैलिंग उखड़ी**

**निगम के जिम्मे है शहर के 183 पार्कों का मेंटेनेंस, वीआईपी इलाकों में ही देखरेख और मेंटेनेंस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में पार्कों के सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। करीब 5 करोड़ रुपए के बजट के बावजूद शहर के अधिकांश पार्क बदहाली का शिकार हैं। यहां न सुरक्षा के इंतजाम हैं, न बुनियादी सुविधाएं। हालात यह हैं कि कई पार्क अब असामाजिक गतिविधियों के अड्डे बनते जा रहे हैं। हरिभूमि की टीम ने जब शहर के पुराने पार्कों में शुमार नीलम पार्क और यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क में स्थिति देखी तो नीलम पार्क में खुलेआम जुआ खेला जा रहा था, जबकि यादगार-ए-शाहजहानी पार्क में मवेशी घूम रहे थे। नीलम पार्क में फाउंटेन महीनों से बंद पड़े हैं, डस्टबिन टूट चुके हैं और रेलिंग उखड़ी हुई है। साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब है। पार्क में



आने वाले असामाजिक तत्व शराब की बोतल और गंदगी फेंककर छोटे तालाब को दूषित भी कर रहे हैं। पार्क की वॉकिंग स्ट्रीट में बड़ी दरारें आ गई है। लोगो के बैठने की सुविधा नहीं है। बैठने के लिए लगीं कुर्सियां भी जमीन में धंस चुकी है। न तो झूले है न ही लाइट की व्यवस्था। स्ट्रीट लाईटें खराब है, जिससे अंधेरा होने के बाद टहलना मुश्किल हो जाता है। महापौर मालती राय का कहना है कि पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। पार्कों का सौंदर्यीकरण लगातार करवाया जा रहा है। नीलम पार्क और यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क में कमियों को दूर करवाया जाएगा।



### डिजाइनर फाउंटेन में भरा है गंदा पानी

पार्क के बीचों बीच बने डिजाइनर फाउंटेन में महीनों से गंदा पानी जमा है, लेकिन निगम ने सफाई करने की जरूरत तक नहीं समझी। सुबह होते ही पार्क परिसर मवेशियों का चारागाह बन जाता है।

---

## अब लिक्विड बायोप्सी से पकड़ में आएगा कैंसर

# देर से शादी भी बन रही कैंसर की एक मुख्य वजह: डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब कैंसर की पहचान के लिए लक्षणों का इंतजार करने की जरूरी नहीं है। बल्कि आधुनिक तकनीकों की मदद से छिपी हुई बीमारी को शुरूआती चरण में ही पकड़ा जा सकता है। गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में शनिवार को 'जीएमसी बायोकॉन 2.0' सीएमई में देशभर के विशेषज्ञों ने कैंसर की बढ़ती चुनौतियों, उसके कारणों, समय पर जांच और लिक्विड बायोप्सी जैसी नई तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। जीएमसी के मेडिकल बायोकेमिस्ट्री विभाग की प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना शर्मा ने बताया कि कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसके पीछे शहरीकरण, बदलती जीवनशैली, देर से शादी, हार्मोनल बदलाव और संक्रमण जैसे कई कारण जिम्मेदार है।



### खानपान में मिलावट और प्रदूषण बड़ा खतरा

जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने सीएमई का शुभारंभ करते हुए कहा कि आजकल के खान-पान में मिलावट, पेस्टिसाइड्स और केमिकल्स का इस्तेमाल भी कैंसर के खतरे को बढ़ा रहा है। सीएमई की आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी और बायोकेमिस्ट्री विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुराधा राठौर जैन ने कहा कि कैंसर के शुरूआती लक्षण अक्सर स्पष्ट नहीं होते। इसलिए 35-40 साल की उम्र के बाद नियमित जांच बेहद जरूरी है। समय पर सोना, संतुलित आहार लेना, एक्सरसाइज करना जरूरी है।

# विद्यार्थियों ने सीखा मशरूम कल्टीवेशन, मिले प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को दानिश कुंज कोलार में प्रोफेसर पद्मा श्रीवास्तव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं कला महाविद्यालय के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने मशरूम कल्टीवेशन की 6 दिवसीय ट्रेनिंग ली। प्रशिक्षित विद्यार्थियों को एसपीएम कॉलेज की वनस्पति शास्त्र विभाग की एचओडी डॉ कीर्ति जैन और सुनील श्रीवास्तव ने प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर चंद्र खरे, सुनीता सोनी, सरोज दुबे, भारती खरे, सुधा श्रीवास्तव, प्रदीप खरे, अजीत सक्सेना, तेज सिंह ठाकुर, शारदा जौहरी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



---

## चिकित्सा शिक्षकों ने 10 मई तक टाला मांगों को लेकर आंदोलन

# अपर मुख्य सचिव ने किया डीपीसी और वेतन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे सुलझाने का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत चिकित्सा शिक्षक 21 अप्रैल से आंदोलन करने वाले थे। लेकिन अब यह आंदोलन 10 मई तक के लिए टाल दिया गया है। प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय और महासचिव डॉ अशोक ठाकुर ने बताया कि हम अपनी 12 सूत्रीय लंबित मांगों को हल करने के लिए



21 अप्रैल से आंदोलन करने वाले हैं। हमारी समस्याओं में डीपीसी, समयमान वेतनमान, आंतरिक सीधी भर्ती के नियम, सर्विस प्रोटेक्शन शामिल है। दो दिन पहले स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल से एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मुलाकात हुई। इस मुलाकात में हमने अपनी समस्याओं से अपर मुख्य सचिव को अवगत कराया और सरकारी मेडिकल कॉलेजों का कैसे उन्नयन किया जा सकता है, यह भी बताया। हमारी बात सुनने के बाद एसीएस ने हमसे कुछ दिनों का समय मांगा है, जिस पर हम सहमत हो गए हैं।

## विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का आयोजन

# एसपीएम में बैंकिंग सेक्टर के जॉब प्रोफाइल के लिए कैंपस ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. शालिनी सक्सेना ने विद्यार्थियों को बैंक भर्ती परीक्षा पैटर्न और तैयारी के टिप्स बताए। स्वामी विवेकानंद करियर गाइडेंस प्रकोष्ठ की संयोजक एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. आशा वर्मा ने विद्यार्थियों को कैंपस ड्राइव की जानकारी दी। इस ड्राइव में 46 विद्यार्थी पंजीकृत हुए।




## फूल माली सैनी समाज को आगे ले जाने शिक्षा जरूरी

# धूमधाम से मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फूल माली सैनी समाज ने समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती उत्साह के साथ मनाई। इस मौके पर सुबह से लेकर शाम तक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों और बड़ों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान 7 नंबर स्टॉप स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर फूल मालाएं पहनाने बड़ी संख्या में समाज के लोग पहुंचे। सामाजिक शैक्षणिक क्रांति के जनक समाज सुधाकर महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती पर महापौर मालती राय ने 7 नंबर स्टॉप स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, पार्षद गीता माली, फूल माली सैनी समाज के अध्यक्ष जीबी माली एवं सामाजिक के लोग मौजूद थे।



---

## 40 करोड़ रुपए की हुई थी प्रॉपर्टी की ऑन स्पॉट बुकिंग

# हाउसिंग बोर्ड: 90 करोड़ का खजूरीकलां प्रोजेक्ट लगभग 20 दिनों से पड़ा है बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाउसिंग बोर्ड का 90 करोड़ का खजूरीकलां आवासीय प्रोजेक्ट शुरू होते ही अव्यवस्था का शिकार हो गया है। बड़े दावों और प्रचार के बीच लॉन्च किए गए इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य पिछले 20 दिनों से पूरी तरह ठप पड़ा है, पर्यावास भवन में आयोजित दो दिवसीय आवास मेले में इस प्रोजेक्ट को जोर-शोर से प्रमोट किया गया था।

### एक दिन में हुई थी 50 करोड़ की प्रॉपर्टी सेल

मेले में 1800 से अधिक इंक्वायरी आईं और करीब 40 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी की ऑन स्पॉट बुकिंग भी कर ली गई। दावा किया गया था कि एक ही दिन में लगभग 50 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी सेल आउट हुई, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। सबसे ज्यादा बुकिंग बाग मुगालिया और कटारा हिल्स स्थित सेफायर पार्क सिटी में हुई, वहीं खजूरीकलां, अवधपुरी के डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स प्रोजेक्ट, सुरम्य परिसर, लवकुश हाइट्स और गौरव नगर जैसी योजनाओं में भी बड़ी संख्या में लोगों ने निवेश किया। इसके बावजूद खजूरीकलां साइट पर निर्माण शुरू तक नहीं हो पाया है।

**काम जल्द शुरू करेंगे**

इस मामले में हाउसिंग बोर्ड के पीआरओ प्रशांत मिश्रा का कहना है कि 20 मार्च से काम कुछ व्यवहारिक कारणों से बंद है और जल्द ही इसे शुरू कर दिया जाएगा।

## औकाफ-ए-शाही पहुंचे लोग, रुबात बंद होने पर जताया विरोध

# हज यात्रियों को नहीं मिलेगी रुबात, महंगा पड़ेगा हज का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रियासत के भोपाल, सीहोर और रायसेन जिले के हज यात्रियों को मक्का और मदीना में दी जाने वाली रुबात को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल औकाफ ए शाही की लापरवाही की वजह से दोनों जगहों को इस बार रुबात नहीं मिलेगी, ऐसे में यहां के हज यात्रियों को हज के लिए अधिक राशि खर्च करना पड़ेगी। इस बार हज यात्रा के लिए करीब 8 हजार लोग प्रदेश से जा रहे हैं। शेड्यूल के हिसाब से 18 अप्रैल को भारत से पहली फ्लाइट सऊदी अरब जाएगी। हज यात्रियों को रुबात नहीं मिलने पर समाज के




लोगों ने औकाफ ए शाही दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। लोगों ने पोस्टर और बैनर लेकर नारेबाजी की। पोस्टर्स पर लिखा था शाही औकाफ होश में आओ, लापरवाही नहीं चलेगी। प्रदर्शन में शामिल सरवर जहां ने कहा कि पिछले कई सालों से हज यात्रियों को रुबात की सुविधा नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर जिम्मेदार लोग काम नहीं कर पा रहे हैं, तो उन्हें चूड़ियां पहनकर घर बैठ जाना चाहिए।

### *पिछले 6 सालों से मदीना की रुबात बंद पड़ी है*

*पिछले 6 सालों से मदीना की रुबात बंद पड़ी है। इस साल मक्का की रुबात में भी हज यात्रियों को ठहरने की सुविधा नहीं मिल रही है। जिसकी वजह से भोपाल, सीहोर और रायसेन के करीब 1000 हज यात्रियों पर करीब 4 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस हिसाब से मक्का में करीब प्रति व्यक्ति करीब 75 हजार रुपए अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा, जबकि मदीना में पहले से ही करीब 25 हजार रुपए का अतिरिक्त भार पड़ रहा है। इधर औकाफ-ए-शाही के प्रशासनिक प्रबंधक फारूक किबरिया ने कहा कि मामले में उच्च स्तर पर प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि सऊदी सरकार की प्रक्रियाओं में देरी की वजह से इजाजतनामा मिलने में समय लगा है, जिससे भवन लेने में दिक्कत आई।*

7 कारोबारी के बेटे ने बड़े तालाब में कूदकर...



12 सीमेंट के प्रयोग से बना 3डी टेक्सचर फार्म...





### रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्थाएं संभालने के लिए सुरक्षाकर्मी तक नहीं

# रानी कमलापति स्टेशन के मेन गेट पर बैगेज स्कैनर बना 'डमी' यात्री यहीं पर सो रहे, एजेंट यहां बैठकर बनवा रहे क्रेडिट कार्ड



रानी कमलापति स्टेशन पर बैगेज स्कैनर मशीन के पास सो रहे युवक।

हरिभूमि पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के रानी कमलापति स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन के तौर पर पेश किया जाता है, लेकिन हालात ऐसे हैं कि वहां पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए पूरे सुरक्षाकर्मी तक नहीं हैं। स्टेशन के मेन गेट पर लगा बैगेज स्कैनर भी डमी बनकर रह गया है। इसके नीचे लोग सोते नजर आ रहे हैं। तो वहीं सुरक्षा कर्मी की चेयर पर क्रेडिट कार्ड बनाने वाले एजेंट बैठे नजर आ रहे है। न तो यहां आरपीएफ के जवान तैनात हैं और न जीआरपी। इसके चलते यात्री बिना स्कैन करे ही सामान को लेकर सीधे स्टेशन पर एंटर हो जाते हैं।

बता दें कि आरकेएमपी स्टेशन के इस एंट्री से रोजाना करीब 9 हजार से अधिक यात्री स्टेशन में प्रवेश करते हैं। इसमें कई यात्री वीआईपी श्रेणी के होते हैं। मामले के संबंध में भोपाल रेल मंडल आरपीएफ कमांडेंट डॉ. अभिषेक संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।



मशीन बंद होने और सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं होने के कारण अपना सामान वापस लेकर जाता यात्री।

### यात्री ने बैग चेक करना चाहा, लेकिन नहीं हुआ

शानिवार को यहां से सफर करने वाले एक यात्री ने अपने लगेज की जांच के लिए लगेज स्कैनर मशीन में रखा, लेकिन वहां पर खड़े एक आदमी ने यात्री को बताया कि यहां पर जांच करने के लिए कोई सुरक्षा कर्मी नहीं है। ऐसे में यात्री ने वापस अपना लगेज उठा लिया।

### आरकेएमपी स्टेशन सुविधा को लेकर फिसड्डी हो रहा साबित



सुरक्षा कर्मी की चेयर पर क्रेडिट कार्ड बनाने वाले एजेंट बैठ रहे हैं।

आरकेएमपी स्टेशन सुविधाओं के मामले में लगातार फिसड्डी साबित हो रहा है। यात्रियों को यहां पर मूलभूत सुविधा भी नहीं मिल रही है। बता दें कि इस स्टेशन को भविष्य की जरूरतों के लिहाज से डिजाइन किया गया है। लेकिन कुछ ही सालों में अंदर ही हालात दिन पर दिन खराब हो रहे हैं। लगातार अव्यवस्था फैलती नजर आ रही है। अक्सर लिफ्ट बंद होने व एस्केलेटर होने की शिकायतें सामने आती रहती है।

**पार्किंग व्यवस्था पर सख्ती**

### औचक निरीक्षण करेंगे अधिकारी, खामी मिली तो सीधे निलंबन

**भोपाल।** शहर में बिगड़ती पार्किंग व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। अब शहर के सभी प्रमुख पार्किंग स्थलों और मल्टीलेवल पार्किंग का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था सामने आती है, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर सीधे निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। शहर के 32 से अधिक पार्किंग स्थल और मल्टीलेवल पार्किंग को व्यवस्थित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें साफ-सफाई, सुरक्षा, शुल्क वसूली और ट्रैफिक प्रबंधन जैसे पहलुओं की बारीकी से जांच होगी। अधिकारियों का मानना है कि कई स्थानों पर पार्किंग की अव्यवस्था के कारण सड़कों पर जाम और अव्यवस्थित वाहन खड़े होने की समस्या बढ़ रही है। इसी को देखते हुए यह सख्ती बरती जा रही है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर और सुचारु पार्किंग सुविधा मिल सके।

**14 नए पार्किंग के लिए टेंडर जारी:** शहर में पार्किंग की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखते हुए 14 नए पार्किंग स्थलों के लिए टेंडर भी जारी किए गए हैं। इन नए स्थलों के शुरू होने के बाद शहर में ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के ये हाल: रोड के बीचों-बीच बैरिकेड्स लगाए, साइड चौड़े नहीं किए, संकरे कच्चे रास्ते से आवाजाही जानलेवा

# मेट्रो कॉरिडोर में लापरवाही, गड्ढे की चपेट में आने से एक दिन में तीन लोग हुए जख्मी



गोविंदपुरा आईटीआई के पास सड़क पर चल रहा मेट्रो निर्माण कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में मेट्रो निर्माण के बीच लापरवाही अब सीधे लोगों की जान पर भारी पड़ने लगी है। रत्नागिरी से पुल बोगदा तक निर्माणाधीन मेट्रो कॉरिडोर पर गोविंदपुरा आईटीआई के पास मुख्य सड़क को खतरनाक हालात में छोड़ दिया गया है।

बिना वैकल्पिक चौड़ीकरण किए ही सड़क के बीचोंबीच बैरिकेडिंग कर निर्माण शुरू कर दिया गया, जिससे पूरा ट्रैफिक संकरे और कच्चे गलियारे में सिमट गया है। यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा है, जहां हर दिन 50 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद न तो सड़क किनारों को दुरुस्त किया गया और न ही गड्ढों की मरम्मत। नतीजतन, बड़ा गड्ढा यहां हादसों की वजह बन चुका है, जिसमें फंसकर वाहन चालक लगातार गिर रहे हैं।

- *24 घंटे में 50 हजार से ज्यादा गुजरते हैं वाहन*
- *भेल कारखाना, इंडस्ट्रीयल एरिया, एक दर्जन से ज्यादा शैक्षणिक संस्थाएं, कई बड़े अस्पताल और दर्जनों कॉलोनियों का है जुड़ाव*

### मेट्रो प्रशासन बोला-सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरा पालन

शनिवार को स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब एक ही दिन में तीन लोग इस गड्ढे की चपेट में आकर घायल हो गए। उसके ठीक सामने सिविल डिस्पेंसरी है, जहां घायल लोग सड़क से उठकर सीधे इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। घायलों में एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद एम्स अस्पताल रेफर करना पड़ा, जबकि अन्य दो को मामूली चोटें आईं। इधर मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि शहर में जहां भी मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है, वहां सुरक्षा प्रोटोकाल का पूरा पालन किया जा रहा है।



सड़क पर बने बड़े गड्ढे के कारण वाहन से गिरकर घायल हुए व्यक्ति को एंबुलेंस में लेकर जाते परिजन एवं स्वास्थ्य कर्मी।

### घायल राजेंद्र यादव को एम्स रेफर किया, दो को किया डिस्चार्ज

शनिवार को दोपहर 28 वर्षीय राजेंद्र यादव की बाइक गड्ढे में बाइक फंसने से असंतुलित हो गई और वे गिर गए। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद एम्स रेफर किया गया। उनके अलावा पुरुषोत्तम और नरेश नामक दो अन्य घायल भी सिविल डिस्पेंसरी इलाज के लिए पहुंचे। दोनों को हाथ-पैर में चोटें आई थीं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

### भेल कारखाना, इंडस्ट्रियल एरिया, अस्पताल और कॉलोनियों का जुड़ाव

रायसेन राजमार्ग के उक्त रोड का सीधा जुड़ाव भेल कारखाना, इंडस्ट्रीयल एरिया, कई बड़े अस्पताल, कॉलोनियों के अलावा नए व पुराने शहर से है। इस रोड पर 24 घंटे यातायात का दबाव रहता है। रत्नागिरी से गोविंदुपरा तक मेट्रो निर्माण कार्य के चलते आवाजाही मुश्किल भरी बनी हुई है।

### निगम, मेट्रो प्रशासन और व्यापारियों के बीच बनी सहमति के बाद काजीकैंप क्षेत्र में रोड चौड़ी करने का काम शुरू

**मेट्रो के निर्माण कार्य के चलते दिनभर लग रहा था जाम**

पुराने शहर के काजीकैंप-डीआईजी बंगला क्षेत्र में चल रहे मेट्रो के निर्माण कार्य के चलते संकरे और उबड़-खाबड़ रोड से हो रही परेशानी से अब जल्द निजात मिलेगी। यहां धूल और संकरे रास्ते से आवाजाही में दिक्कत को लेकर क्षेत्रीय विधायक ने विरोध दर्ज करवाया था। मेट्रो प्रशासन ने सिंधी कॉलोनी मंदिर से काजीकैंप होते हुए डीआईजी बंगला तक सड़क चौड़ी करने का काम शुरू कर दिया है। दोनों ओर करीब 20-20 फीट चौड़ी की जा रही है। इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी। मेट्रो निर्माण के कारण 40 से 60 फीट चौड़ी सड़क सिमटकर 10 से 15 फीट तक रह गई है। इसके चलते रोज एक लाख से अधिक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। निगम के अतिक्रमण अधिकारी महेश गौहर ने बताया कि सिंधी कॉलोनी से काजीकैंप होते हुए डीआईजी बंगला तक अतिक्रमण हटाना था। व्यापारियों से चर्चा की गई तो वह खुद ही अपना अतिक्रमण हटाने पर राजी हो गए। यहां सड़क निर्माण शुरू हो गया है।

### व्यापारियों ने स्वेच्छा से हटाए अतिक्रमण

नगर निगम और मेट्रो अधिकारियों ने क्षेत्र के व्यापारियों से चर्चा की। इसके बाद व्यापारियों ने सहयोग दिखाते हुए अतिक्रमण हटाने की सहमति दी। पिछले तीन दिनों में 20 से अधिक व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लिया। इसके बाद सड़क चौड़ी करने का काम शुरू किया गया।

### डीआईजी बंगले के सामने खुला चैंबर, हादसे का खतरा



राजधानी के व्यस्त मार्गों में शामिल डीआईजी बंगले के सामने सड़क पर बीते कई दिनों से सीवेज चैंबर खुला पड़ा है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार वाहन चालक इस खुले चैंबर की चपेट में आकर गिर चुके हैं और चोटिल हुए हैं। सीवेज अधिकारी आदित्य शर्मा का कहना है कि चैंबर को शीघ्र ही दुरुस्त कराया जाएगा।

### किलोल पार्क के पास मस्जिद से कुछ दूरी पर बाइक ने मारी थी साइकिल में टक्कर, आंख में मिर्च झोंककर की थी लूट

# डॉ. वर्मा से 11 तोला गोल्ड का कड़ा छीनने के मामले में हिरासत में संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किलोल पार्क, मस्जिद से कुछ दूरी पर मुख्य सड़क पर डॉ. मनोज वर्मा से लूटपाट करने वाले संदिग्धों को



श्यामला हिल्स पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस की टीम हिरासत में लिए संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही लूटपाट की इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा। चलती साइकिल में बाइक से टक्कर मारने के कारण घायल मनोज वर्मा का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। गिरने के कारण कूल्हे की हड्डी (हिप्स बोन) में उन्हें फैक्चर हुआ है।

उल्लेखनीय है कि डॉक्टर मनोज वर्मा (50) प्रोफेसर कॉलोनी श्यामला हिल्स में रहते हैं। वे स्टेट टीबी ट्रैनिंग सेंटर में बतौर डायरेक्टर है। शुक्रवार सुबह भी वह साइकलिंग करने घर से निकले थे। बोट क्लब से साइकलिंग कर करीब दस बजे वह किलोल पार्क होते हुए घर लौट रहे थे, तभी मस्जिद से कुछ दूरी पर दो बदमाशों ने उनकी आंखों में मिर्च झोंक दी और उनके हाथ से गोल्ड का कड़ा उतार लिया। बदमाशों ने उनकी जेब से पर्स और हाथ से खड़ी भी छीन ली थी।

### रैकी करने के बाद वारदात की

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार पूरी वारदात रैकी करने के बाद की गई है। डॉ. मनोज वर्मा के साथ लूटपाट की घटना की लंबे समय से रैकी की जा रही थी। इसके बाद बदमाशों ने किलोल पार्क के पास वारदात को अंजाम दे दिया।

## डॉक्टरों ने कहा: डॉ. वर्मा के हमलावर बदमाशों को पुलिस जल्द करें गिरफ्तार

सीएम हाउस के पास डॉ. मनोज वर्मा पर जानलेवा हमला करके लूटपाट करने वालों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर जीएमसी एल्युमिनी ने हमले की घोर निंदा की। शनिवार को जीएमसी एल्युमिनी के पदाधिकारियों ने बैठक कर चेतावनी दी कि अगर जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो प्रदेश भर के चिकित्सक आंदोलन करेंगे। जीएमसी एल्युमिनी की बैठक में डॉ. गुरुदत्त तिवारी, डॉ. अजय मेहता, डॉ.ललित श्रीवास्तव, डॉ. पीएस चंदेल, डॉ. इंद्र कुमार चुघ, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. दिनेश भटनागर, डॉ. योगीराज शर्मा, डॉ. कुलदीप गुप्ता, नर्सिंग होम एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, मेडिकल चिकित्सा संघ, मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन समेत चिकित्सा छात्र संघ ने डॉ. मनोज वर्मा पर हुए हमले रोष व्यक्त कर सरकार से आरोपियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की।

## ट्रेन से जा रहे 165 से ज्यादा नाबालिग बच्चों को कटनी में उतारा, जांच शुरू

**⏩ रेलवे सुरक्षा बल, महिला एवं बाल विकास विभाग और रेलवे के अधिकारियों ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटनी में रेलवे सुरक्षा बल, महिला एवं बाल विकास विभाग और रेलवे के अधिकारियों को पता चला कि एक ही समुदाय के 165 बच्चे पटना-पुणे एक्सप्रेस से महाराष्ट्र जा रहे हैं। फिर अधिकारी तुरंत हरकत में आए और कटनी रेलवे स्टेशन पर सभी बच्चों को उतार लिया।

फिलहाल पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए रेल और जिला प्रशासन हर पहलू की जांच कर रहा है। ट्रेन से उतारे गए नाबालिग बच्चों में अधिकांश एक ही समुदाय से बताए जा रहे हैं, जो बिहार के अररिया से महाराष्ट्र के लातूर जा रहे थे। बच्चों के परिजनों और उन्हें ले जा रहे लोगों को लेकर आरपीएफ और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम अब जांच में जुटी हुई है। सभी बच्चों को महाराष्ट्र के एक मदरसे में ले जाया जा रहा था। जैसे ही इस बात की जानकारी अधिकारियों को मिली कटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 165 बच्चों को ट्रेन से उतार लिया गया। बच्चों के साथ मौजूद कई लोगों से फिलहाल गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बच्चों को किस उद्देश्य से और किन परिस्थितियों में ले जाया जा रहा था। सुरक्षा के मद्देनजर सभी बच्चों को आरपीएफ थाने लाया गया है, जहां उनकी काउंसलिंग की जा रही है और जरूरी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इस पूरे ऑपरेशन में महिला एवं बाल विकास विभाग और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की ओर से मनीष तिवारी, दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में 20 सदस्यीय अधिकारी-कर्मचारियों की टीम मौके पर मौजूद रही। वहीं कटनी आरपीएफ, टीआई और जीआरपी, टीआई सहित करीब 27 पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पूरे मामले पर कटनी बाल संरक्षण अधिकारी मनीष तिवारी ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चों को एक साथ ले जाया जा रहा है। मौके पर पहुंचकर सभी बच्चों को सुरक्षित उतारा गया है। अभी उनके दस्तावेजों और अभिभावकों की जानकारी की जांच की जा रही है। बच्चों की काउंसलिंग भी कराई जा रही है। अधिकांश बच्चे एक ही समुदाय के हैं।

**रोशनी से काम करेगी नई तकनीक**

# एम्स की रिसर्च: शरीर में जाकर खुद ट्यूमर ढूंढेंगे नैनोकण नैनो तकनीक से होगा ब्रेस्ट और लिवर कैंसर का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स के बायोकैमिस्ट्री विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. सुखेस मुखर्जी ने एक नई नैनो तकनीक विकसित की है। यह नैनोकण (इंसानी बाल से हजारों गुना छोटे) शरीर में छुपकर ट्यूमर तक पहुंचते हैं। रिसर्च में दावा किया गया है कि जैसे ही इस कण पर लाल रोशनी डाली जाती है, यह सक्रिय होकर कैंसर कोशिकाओं पर हमला शुरू कर देता है। वहीं अंधेरा होते ही दोबारा निष्क्रिय हो जाता है। डॉ. मुखर्जी के अनुसार यह खूबी ही इसे ज्यादा असरदार और कम साइड इफेक्ट वाला इलाज बनाती है।



### डुअल अटैक तकनीक

इस तकनीक में लाल रोशनी का उपयोग इसलिए किया गया है, क्योंकि यह शरीर के अंदर गहराई तक पहुंच सकती है। जैसे ही रोशनी नैनोकण पर पड़ती है, यह दो तरह के कैंसर-रोधी तत्व छोड़ता है। इसमें सिंगलेट ऑक्सीजन और कार्बन मोनोऑक्साइड शामिल है। ये दोनों मिलकर कैंसर कोशिकाओं को तेजी से नष्ट करते हैं। इसे डुअल अटैक तकनीक नाम दिया जा रहा है।

### स्तन और लिवर कैंसर में पद्धति प्रभावी

यह तकनीक स्तन और लिवर कैंसर में अब तक की रिसर्च में प्रभावी पाई गई है। इस तकनीक की विश्वसनीयता इसलिए भी बढ़ गई है, क्योंकि इसे अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'डॉल्टन ट्रांजैक्शंस' में प्रकाशित किया गया है।



## खबर संक्षेप




### किसान सम्मेलन में शामिल होने किसान रायसेन रवाना

**तामोट।** किसान सम्मेलन में शामिल होने के लिए भाजपा नेत्री राधा कुशवाहा के नेतृत्व में तामोट एवं बीलखेड़ी के कई किसान रायसेन के लिए रवाना हुए।

### जैन धर्मालंबियों की वार्षिक स्वाध्याय परीक्षा आज

**औबेदुल्लागंज।** जैन धर्मालंबियों की धार्मिक पाठ्यक्रम द्वादश वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम सांगानेर के तत्वावधान में वार्षिक परीक्षा रविवार को पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, परीक्षा केंद्र 159 औबेदुल्लागंज में दोपहर 2 बजे आयोजित हो रही है। परीक्षा में औबेदुल्लागंज, मंडीदीप के प्रथम से लेकर अष्टम वर्ष के स्वाध्याई परीक्षा देंगे। केंद्र संयोजक मनोज जैन इजारदार ने जानकारी दी है कि परीक्षक आर्जव भैया, श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर राजस्थान से परीक्षक के रूप में आ रहे हैं। सभी परीक्षार्थी परीक्षा के निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।

### सद्गुरू स्वामी भगत प्रकाश 5 दिन भोपाल में

**संतनगर।** बैरागढ़ में परमपिता जगदीश्वर भगवान लक्ष्मीनारायण व परम पूज्य प्रेम प्रकाश मण्डलाचार्य



ब्रहनिष्ठ सद्गुरू स्वामी टेऊंराम महाराज के श्री मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा व प्रेम प्रकाश आश्रम मण्डलाध्यक्ष स्वामी भगत प्रकाश महाराज की अध्यक्षता में 13 अप्रैल सोमवार से 17 शुक्रवार तक प्रेम प्रकाश मण्डल आश्रम एमपीईबी ऑफिस के पास संत हिरदाराम नगर में मनाया जाएगा। सोमवार को प्रातः 8 से 10 बजे तक श्री प्रेम प्रकाश ग्रन्थ व श्री मद्भागवत गीता के पाठों एवं प्रवचन आरती होगी। इसके अलावा रोज सुबह एवं शाम को सद्गुरू स्वामी भगत प्रकाश महाराज अपनी संत मंडली के साथ सत्संग और प्रवचन देंगे।

### हर्षोल्लास से मना रहे खालसा पंथ का 327वां वर्ष

**औबेदुल्लागंज।** नगर में खालसा पंथ का 327वां साल हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गुरुद्वारा संत बाबा श्री संतोष सिंह जी भजनगढ़, औबेदुल्लागंज में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अखंड पाठ का शुभारंभ 27 मार्च हुआ, जो 14 अप्रैल तक जारी रहेगा। समापन पर कीर्तन एवं कथा के बाद लंगर वितरण किया जाएगा।

### ड्रग पेडलर गिरफ्तार 2.75 ग्राम एमडी जब्त



**भोपाल।** जहांगीराबाद पुलिस ने करिश्मा पार्क के पास से ड्रग पेडलर को गिरफ्तार कर उसके पास से 2.75 एमडी ड्रग्स जब्त किया है। आरोपी ड्रग पेडलर को पुलिस ने एक दिन की रिमांड पर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है कि उक्त एमडी ड्रग्स कहां से लाया था और किसे बेचने की फिराक में था। हालांकि अब तक की पूछताछ में पता चला कि वह केवल डिलेवरी का पैसा लेकर ड्रग्स पहुंचाता था। पूछताछ में आरोपी की पहचान समीर खान पिता अबरार खान (19) रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी बताया। पुलिस आरोपी से एमडी के बारे में पूछताछ कर रही है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 679 | 28 | 468 |
| रात: | 246 | 23 | 490 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 337 | 39 | 388 |
| रात: | 124 | 73 | 580 |

---

### पार्किंग में ठेला लगाने वाले युवक को दो दिन पहले अतिक्रमण अमले ने दी थी सूचना

# 10 नंबर मार्केट में अतिक्रमण हटाने का विरोध कर रहे युवक ने खुद को लगाई आग, मौके पर मौजूद लोगों ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के दस नंबर मार्केट में शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में एक युवक ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। इससे मार्केट में हडकंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुंरत आग बुझाकर उसे बचाया और तत्काल अस्पताल भेजा गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। शहर में बीते कई दिनों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है।

इसी के तहत निगम का अमला दस नंबर मार्केट से अतिक्रमण हटाने अतिक्रमण अधिकारी सृष्टि भदौरिया के साथ पहुंचा था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से नाराज एक युवक विरोध स्वरूप अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। इससे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी


अतिक्रमण हटाने का विरोध करता युवक।

का माहौल बन गया और व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। हालांकि निगम की ओर से दो दिन पहले अतिक्रमण करने वालों को स्वेच्छा से अपने कब्जे हटाने की जानकारी दे दी गई थी, लेकिन जब कब्जे नहीं हटे तो अमला कार्रवाई के लिए पहुंचा। हालांकि कुछ दुकानदारों का आरोप है कि कार्रवाई केवल कुछ दुकानों को चिन्हित कर की जा रही है, जिससे पक्षपात के आरोप लग रहे हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए अतिक्रमण अधिकारी सृष्टि भदौरिया और शैलेंद्र भदौरिया से मोबाइल पर संपर्क करने प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने काल अटैंड नहीं किए। दस नंबर मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद सोनी ने बताया कि मार्केट में अतिक्रमण की समस्या है। निगम के अमले ने ऐसे लोगों को पहले ही सूचना दे दी थी। युवक को ऐसा नहीं करना था। निगम प्रशासन को भी चाहिए कि ऐसे लोगों के लिए हॉक्स कॉर्नर बनाए जाएं ताकि उनका रोजगार न छीने।

## आनंद नगर में दो मंदिरों से चोरी, दानपेटी से नकदी ले गए बदमाश

**राम मंदिर से 25 से 30 हजार रुपए ले भाग चोर**

आनंद नगर में गुप्ता कॉलोनी और अशोक विहार में दो मंदिरों से बदमाश नगदी चुराकर ले गए। गुप्ता कॉलोनी के राम मंदिर से बदमाश 25 से 30 हजार रुपए की नगदी चुराई है। वहीं अशोक विहार के शिव मंदिर से बदमाश दानपेटी ही चुराकर ले गए। दानपेटी में 8 से 10 हजार रुपए की नगदी थी। पिपलानी पुलिस ने दोनों ही प्रकरणों में चोरी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विशाल शर्मा (24) गुप्ता कालोनी, आनंद नगर में रहते हैं और कॉलेज के छात्र हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गुप्ता कॉलोनी मे श्रीराम मंदिर है। मंदिर में राहुल पंडित पूजा करते हैं। 8 अप्रैल की रात करीब साढ़े 9 बजे मंदिर में आरती के बाद पंडितजी ने मंदिर बंद कर गेट पर ताला लगा दिया। 9 अप्रैल की सुबह करीब 6 बजे पंडितजी पूजा करने मंदिर पहुंचे। इस दौरान मंदिर के गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि दानपेटी का कुंदा उखड़ा हुआ है। पंडितजी ने विशाल शर्मा को घटना की जानकारी दी। वे मंदिर पहुंचे तो देखा कि अंदर रखी दानपेटी का कुंदा उखड़ा हुआ है और उसमें रखे दान के पैसे नहीं थे। दानपेटी में दान के करीब 25 से 30 हजार रुपए थे।

**एक सप्ताह पहले ही शिव मंदिर का ताला तोड़ तानपेटी चुरा ले गए चोर**

*पुलिस ने बताया कि राजेश ठाकुर (45) न्यू अशोक विहार कॉलोनी, आनंद नगर में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि अशोक विहार कॉलोनी मे सार्वजनिक शिव मंदिर हैं। 30 मार्च की रात 10 बजे मंदिर में आरती हुई और मंदिर बंद कर दिया गया। 31 मार्च की सुबह पौने छह बजे वह मंदिर गए तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि दानपेटी नहीं थी। दानपेटी में 8 से 10 हजार रुपए की नगदी थी।*

---

### रंजीत होटल के सामने बोट क्लब की घटना, आत्महत्या के कारण अज्ञात

# कारोबारी के बेटे ने बड़े तालाब में कूदकर की आत्महत्या, सड़क पर खड़ी मिली स्कूटर

- *पुलिस को मृतक के पास से नहीं मिला सुसाइड नोट*
- *गोताखोरों ने करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद राहुल का शव पानी से बाहर निकाला*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



श्यामला हिल्स स्थित बोट क्लब, रंजीत होटल के सामने कारोबारी के बेटे ने बड़े तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। वहां मौजूद लोगों ने उसे तालाब में छलांग लगाते देख पुलिस को सूचना दी। गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब तीस मिनट की मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाल लिया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से भी पूछताछ में आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका। पुलिस के अनुसार शिखर एवेन्यू एयरपोर्ट रोड निवासी नीलकंठ पराठकर की हमीदिया रोड पर इलेक्ट्रानिक्स की दुकान है। उनके दोनों बेटे दुकान पर कारोबार में हाथ बंटाते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे छोटा बेटा राहुल पराटकर अपनी स्कूटर से दुकान जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वह दुकान नहीं पहुंचा। करीब एक घंटे बाद पिता ने मोबाइल पर उससे कांटेक्ट करना चाहा, लेकिन वह मोबाइल घर पर ही छोड़कर निकला था। संपर्क नहीं होने पर परिजन को अनहोनी की आशंका हुई। उसकी तलाश की गई। तलाश करते हुए परिजन परिजन बोट क्लब तक पहुंच गए। वहां राहुल के तालाब में कूदकर आत्महत्या करने की जानकारी मिली। पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे सूचना मिली कि रंजीत होटल के सामने एक युवक ने बड़े तालाब में छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस गोताखोरों को लेकर मौके पर पहुंची। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद राहुल का शव पानी से बाहर निकाला जा सका। पुलिस को उसकी स्कूटर भी होटल के पास खड़ी मिली है।

## सड़क किनारे मिली युवक की लाश, पास ही पड़ी मिली बाइक

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित तारासेवनिया-भगोनिया रोड पर शनिवार सुबह युवा किसान की संदिग्ध हालत में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। वह शुक्रवार दोपहर करोंद जाने का कहकर घर से निकला था। रात को उसकी परिजन से बात भी हुई थी। उसके बाद घर नहीं लौटा। सड़क पर ही युवक की बाइक भी पड़ी मिली है। पुलिस और परिजन का कहना है कि शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि सड़क हादसे की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा रहा है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण सामने आ सकेंगे। पुलिस के



अनुसार दोराहा जिला सीहोर निवासी आकाश गुर्जर (23) परिवार का इकलौता बेटा था और खेती-किसानी करता था। पिता की मौत के बाद से वह अपने मामा सुमेर सिंह के साथ रह रहा था। शुक्रवार दोपहर वह किसी काम का बोलकर करोंद जाने के लिए घर से निकला था। रात करीब साढ़े 8 बजे उसने घर पर कॉल भी किया था और कहा था कि मैं करोंद से घर आने के लिए निकल गया हूं। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। शनिवार सुबह करीब नौ बजे पुलिस ने मामा सुमेर सिंह को कॉल कर सूचना दी कि आकाश गुर्जर यहां तारासेवनिया-भगोनिया रोड पर सड़क किनारे मृत हालत में पड़ा मिला है। मृतक के पास ही उसकी बाइक भी पड़ी मिली है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से मोबाइल मिला था। मोबाइल चार्ज करने के बाद सुमेर सिंह से बात कर घटना की सूचना दी गई। मामा सुमेर सिंह का कहना है कि आकाश के शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं मिले हैं। बाइक पर भी ऐसे निशान नहीं है जिससे किसी वाहन से टक्कर होने की संभावना व्यक्त की जा सके। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि मौत साइलेंट अटैक के चलते हुई हो। घटनास्थल पर चलती गाड़ी गिरने के निशान मिले हैं। शार्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### बेटे और पत्नी से परेशान बुजुर्ग ने तालाब में कूदने का किया प्रयास, गोताखोरों ने बचाया



**भोपाल।** तलैया स्थित बड़ा तालाब वीआईपी रोड पर शनिवार दोपहर 68 साल के बुजुर्ग ने बड़े तालाब में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि वह तालाब में कूदते इससे पहले ही नगर निगम के गोताखारों ने उन्हें रोक लिया। घटना की सूचना तलैया पुलिस को दी। बुजुर्ग के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने पत्नी और छोटे बेटे से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने समझाइश देने के बाद बुजुर्ग को उनके घर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार सूरज नगर नीलबड़ में रहने वाले 68 साल के बुजुर्ग शनिवार दोपहर आत्महत्या करने की नीयत से वीआईपी रोड पर पहुंचे। उन्होंने तालाब में कूदने के लिए रेलिंग पर चढ़ने का प्रयास किया। मामले की गंभीरता को समझते हुए गोताखोर मजहर खान और शेख आसिफ ने उन्हें रोक लिया। बावजूद इसके बुजुर्ग ने तालाब में कूदकर आत्महत्या की बात करते रहे। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और बुजुर्ग अपने साथ तलैया थाने ले आई। एसआई वायएस मांझी ने बताया कि चार लाइन का एक सुसाइड नोट बुजुर्ग के पास मिला है। उसमें उन्होंने अपनी पत्नी और छोटे बेटे को घटना का जिम्मेदार बताया है। उसमें लिखा है कि इनसे कठोरता से पूछताछ करने पर असलियत सामने आ जाएगी। पति-पत्नी और बेटे के बीच विवाद हुआ था। उसके बाद वह गुस्से में घर से निकल गए थे।

---

## विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ के चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पेंशनर्स कल्याण संघ भोपाल के संगठनात्मक चुनाव वार्षिक सम्मेलन के दौरान संपन्न हुए। मुख्य अतिथि जीवी पंडया, कार्यक्रम अध्यक्ष केके सक्सेना, विशिष्ट अतिथि केसी जैन, संगठन के मार्गदर्शक संरक्षक द्वय एचडी मोतीरमानी एवं पीके मिश्रा आदि वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम एवं निर्वाचन कार्य संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट बीके बक्शी ने निर्वाचन कार्य संपन्न कराया। प्रांतीय अध्यक्ष के पद पर वीके एस परिहार, प्रांतीय उपाध्यक्ष आरजे श्रीवास्तव, प्रांतीय महासचिव रमेश कुमार शर्मा, प्रांतीय संयुक्त सचिव आर विश्वनाथन अय्यर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार पंडित एवं कार्यकारिणी सदस्य पीसी मालवीय एवं आर सी दुबे निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

### कांग्रेस तैयार कर रही अपने उम्मीदवार

## नगर परिषद के अध्यक्ष चुनाव को लेकर क्षेत्र में बढ़ी सरगर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

कांग्रेस नेताओं में नगर परिषद चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव को अभी 12 माह शेष हैं। कांग्रेस में चर्चा है कि अगर सामान्य वर्ग का आरक्षण होता है तो पूर्व ब्लाक अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश जैन सबसे दमदार प्रत्याशी होंगे। अगर सामान्य महिला वर्ग आरक्षण होती है तो उनकी पत्नी अर्चना जैन प्रत्याशी मानी जा रही हैं। वहीं अगर पिछड़ा वर्ग का आरक्षण होता है तो दुर्गेश यादव सबसे दमदार प्रत्याशी के रूप में उभर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग महिला आरक्षण होता है तो अर्चना यादव दमदार प्रत्याशी के रूप में सामने आ


महेश जैन


दुर्गेश यादव


अर्चना जैन


अर्चना यादव

रहीं हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार ने कहा कि आरक्षण होने के बाद कांग्रेस नगर को अच्छा, ईमानदार और सक्रिय प्रत्याशी देगी।

---

### आधुनिकीकरण, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू की मिलेगी सुविधा

## कस्तूरबा अस्पताल के नए भवन का भेल के कार्यकारी निदेशक उपाध्याय ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भोपाल स्थित कस्तूरबा चिकित्सालय के नए भवन का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार उपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, भेल भोपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में टीयू सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं राघवेंद्र शुक्ला, महाप्रबंधक (चिकित्सालय प्रशासन) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य महाप्रबंधकगण, डीआरओ, प्लांट कमेटी एवं मेडिकल कमेटी के सदस्य तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। डॉ. पोमिला सचदेवा, महाप्रबंधक एवं मुख्य चिकित्सा सेवाएं ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया।

नवीनीकरण कार्यों के अंतर्गत खंड 'अ' का आधुनिकीकरण, संयुक्त शल्य चिकित्सा वार्ड,


कस्तूरबा अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन करते भेल के कार्यकारी निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय व अन्य।

आईसीयू, आकस्मिक निर्गम मार्ग तथा अन्य विभिन्न सुविधाओं का विकास किया गया है, जिससे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार होगा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि उपाध्याय ने कहा कि अस्पताल की उन्नत सुविधाएं कर्मचारियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायक होंगी।

### अब सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय रात्रि 8 बजे तक खुला रहेगा

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय प्रबंधन ने नेत्र रोगियों की सुविधा के लिए अब प्रतिदिन प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक अस्पताल की ओपीडी चालू रखने का निर्णय लिया है। सेसनेचि ट्रस्ट के अध्यक्ष संत सिद्ध भाऊ ने कहा है कि अनेक लोगों ने समयाभाव और अस्पताल जल्दी बंद होने के कारण अपनी आंख का इलाज समय पर न करवा पाने की कठिनाई बताई थी। नेत्र रोगियों की इस कठिनाई का निराकरण करने के उद्देश्य से ही यह निर्णय लिया गया है। अब रविवार को भी ओपीडी प्रातः 10 से संध्या 4.30 बजे तक चालू रहेगी। रविवार के दिन पूर्वानुसार ऑपरेशन नहीं होंगे।

### पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट तो पीड़िता पहुंची कमिश्नर कार्यालय

## बिल्डर के बेटे ने जॉब देकर युवती से किया दुष्कर्म गर्भवती हुई तो डरा-धमकाकर गर्भपात भी कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिल्डर के बेटे पर एक युवती ने दुष्कर्म और गर्भपात कराने का मामला सामने आया है। एमपी नगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि रमन भूलचंदानी से वह नौकरी के लिए मिली थी, जिसके बाद आरोपी ने उसे फर्म में नौकरी दी और दोस्ती बढ़ाई। इसके बाद युवती से शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान वह गर्भवती हुई तो डरा-धमकाकर गर्भपात भी करवा दिया।

पुलिस के अनुसार पीड़िता मूलतः कानपुर (उप्र) की रहने वाली है। वर्तमान में वह कोलार थाना क्षेत्र में रहती है। उसने बताया कि 2 दिसंबर 2024 को उसकी मुलाकात आशियाना बिल्डर्स के ऑफिस में रमन भूलचंदानी से हुई थी। रमन ग्रुप के मालिक का बेटा है। कुछ ही दिन में दोनों की दोस्ती हुई और रमन पीड़िता को एमपीनगर स्थित एक होटल में ले गए, जहां उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद कई बार दोनों के बीच संबंध बने। इस दौरान तीन बार रमन ने जबरन उसका गर्भपात करवाया। रमन ने उसे शादी का वादा किया था, लेकिन बाद में इंकार कर दिया। उसके परिजन ने भी इस बात को लेकर पीड़िता से अभद्रता की।

पीड़िता ने बताया कि वह सबसे पहले कोलार थाना गई। पुलिस ने उसे यहकर थाने से चलता कर दिया कि घटनास्थल हमारे थाना क्षेत्र का नहीं है। वह एमपी थाने पहुंची तो पुलिस ने आवेदन लेने से भी इंकार कर दिया। इसके बाद वह पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंची। वहां एसीपी को जांच के निर्देश दिए। कमिश्नर संजय कुमार के हस्तक्षेप के बाद एमपी नगर पुलिस सक्रिय हो सकी। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

---

### नगर पालिका जल्द टेंडर जारी कर भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी

### आउटसोर्स सफाई कर्मचारी रखने से नगर की सफाई व्यवस्था होगी दुरुस्त

# नगर पालिका मंडीदीप में सफाई कर्मियों के लिए प्रस्ताव पारित, आउटसोर्स कर्मचारी की होगी भर्ती

**नपा में अभी 200 से अधिक सफाई कर्मचारी कार्यरत, फिर भी सफाई व्यवस्था ठप**

- *आए दिन नगर में साफ-सफाई को लेकर कई वार्डों से मिल रही शिकायत*

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

नगर पालिका मंडीदीप में सफाई कर्मियों के लिए नपा ने अब प्रस्ताव पारित किया है कि जो भी सफाई कर्मी नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई का काम करेंगे अब उनकी भर्ती सीधे तौर पर नहीं होगी। उसके लिए अब आउटसोर्स कर्मचारी की भर्ती की जाएगी, जिससे नपा के 26 वार्डों में सफाई की चरमराई हुई व्यवस्था में सुधार




के लिए बड़ा कदम साबित होगा। नपा में अभी 200 से अधिक सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं, परंतु आए दिन नगर में साफ-सफाई को लेकर कई वार्डों से शिकायत मिल रही है, जिसको लेकर परिषद ने इस प्रस्ताव को पारित किया।

**घर बैठे कर्मचारी पर लगेगी लगाम**

*नपा में दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मी घर बैठे पेमेंट ले रहे है, जिससे नपा को राजस्व का नुकसान हो रहा है और नगर में साफ-सफाई व्यवस्थित नहीं हो रही है, जिसको लेकर नपा में परिषद के द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया कि अब कर्मचारी आउटसोर्स भर्ती किए जाएंगे।*

**कर्मचारी यूनियन का भारी विरोध**

*वहीं जब से नपा में ये प्रस्ताव पारित हुआ है तब से कर्मचारी संगठन भारी विरोध में आ गया है, जिसमें नपा पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कर्मचारी के अहित की बात की जा रही है और शोषण का आरोप लगा रहे हैं।*

**काम न करने वाले कर्मचारी पर कसी जाएगी नकेल**

*नपा में परिषद ने सफाई कर्मियों के आउटसोर्च की भर्ती को लेकर प्रस्ताव पारित हुआ है, जिसमें घर बैठे कर्मचारी और काम न करने वाले कर्मचारी पर नकेल कसी जाएगी। नगर में साफ सफाई को लेकर आए दिन अलग-अलग वार्डों से शिकायत मिल रही थी, जिसको लेकर ये निर्णय और प्रस्ताव पारित हुआ है।*

*प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल, नपा अध्यक्ष, मंडीदीप*

### रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर शुरू

## शरीर शुद्धिकरण के साथ विचारों का भी होता है शुद्धिकरण: डॉ. गुलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर के शुभारंभ में विभिन्न स्थानों से कई साधकगण अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज आदि से भी लाभान्वित होने की उम्मीद से आए थे। यहां शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई गई। इस अक्सर पर डॉक्टर गुलाब



टेवानी ने बताया कि अगर बीमारी से पूर्णतः निजात पाना है तो प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाना होगा। अगर आप स्वंय को बीमार महसूस करेंगे तो बीमार रहेंगे। इसलिए मन से यह सोचना है कि हम पूर्णतः स्वस्थ हो जाएंगे। शिविर में शरीर शुद्धिकरण के साथ-साथ विचारों का भी शुद्धिकरण होता है। हमें हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए।

